डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा साहित्यकारों पर बने वृत्तचित्रों का उत्सव संपन्न

पाँच दिवसीय उत्सव में 10 साहित्यकारों पर फिल्में दिखाई गईं

सत्यव्रत शास्त्री, रामदरश मिश्र, शीन काफ़ निजाम, पद्मा सचदेव, गोविंद मिश्र एवं केकी एन. दारूवाला वृत्तचित्र प्रदर्शन के दौरान रहे उपस्थित

नई दिल्ली। 15 जून 2018। साहित्य अकादेमी द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं के महत्त्वपूर्ण लेखकों पर बनाए गए वृत्तचित्रों का उत्सव आज प्रख्यात बाङ्ला लेखिका नबनीता देव सेन और प्रख्यात अंग्रेजी कवि एवं कथाकार केकी एन. दारूवाला पर बनी फिल्मों के प्रदर्शन के साथ संपन्न हो गया। दर्शकों से बातचीत के लिए आज प्रसिद्ध अंग्रेजी कवि एवं कथाकार केकी एन. दारूवाला उपस्थित थे। उन्होंने दर्शकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। यह वृत्तचित्र उत्सव 11 जून से 15 जून के बीच साहित्य अकादेमी सभागार में आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन 11 जून को सायं 4.30 बजे प्रख्यात संस्कृत विद्वान एवं साहित्य अकादेमी के महत्तर सदस्य सत्यव्रत शास्त्री ने किया था और इस दिन रामदरश मिश्र एवं सत्यव्रत शास्त्री पर निर्मित वृत्तचित्र दिखाए गए थे। इस वृत्तचित्र उत्सव में प्रख्यात हिंदी आलोचक नामवर सिंह, प्रख्यात उर्दू लेखक शीन काफ निजाम, डोगरी लेखिका पद्मा सचदेव, मराठी लेखक महेश एलकुँचवार, उर्दू लेखक गोपीचंद नारंग, हिंदी लेखक गोविंद मिश्र पर साहित्य अकादेमी द्वारा निर्मित वृत्तचित्र दिखाए गए। वृत्तचित्र प्रदर्शन के दौरान इन फिल्मों के कई निर्देशकों ने भी दर्शकों से अपने अनुभव साझा किए। साहित्य अकादेमी द्वारा निर्मित इन वृत्तचित्रों की अवधि 27 से 60 मिनट की थी। ये वृत्तचित्र साहित्य अकादेमी की बुकशॉप पर बिक्री के लिए भी उपलब्ध हैं।

ह./–

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 **फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली**-110 001, **दूरभाष :** +91-11-2338 7064, 2307 3002, **फैक्स :** +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in